हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 जुलाई 2024

11 लोगों ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर...

12 राष्ट्रपति अवार्डी भारद्वाज ने बेटी नव्या के ...

खबर संक्षेप

7 माह की बच्ची सहित विवाहिता लापता

लोहारू। लोहारू शहर से एक विवाहिता अपनी सात माह की बेटी के साथ लापता हो गई। विवाहिता के पति की शिकायत पर लोहारू पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शहर निवासी महिला के पति ने बताया कि उसकी पत्नी व उसकी 7 माह की बेटी दो दिनों से लापता है। जिसकी उन्होंने रिश्तेदारी और आस पड़ोस में काफी तलाश कर ली। लेकिन वे दोनों नहीं मिली। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

चौधरी बंसीलाल अस्पताल में रक्तदान शिविर कल

भिवानी। रक्तदान को ऐसे ही महादान नहीं कहा जाता, रक्त ऐसी चीज है, जिसका कोई विकल्प नहीं है। गंभीर बीमारी या दुर्घटना में रक्त की कमी और समय से रक्त ना मिलने से भारत में 30 प्रतिशत लोगों की मौत हो जाती है। इस कमी को मात्र एक प्रतिशत आबादी पूरा कर सकती है। विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने के बावजूद भारत रक्तदान में काफी पीछे है। कल 4 जुलाई वीरवार को चौधरी बंसीलाल सामान्य अस्पताल के रक्तकोष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन वंशिका फाउंडेशन व स्वर्णकार सेवा परिषद द्वारा किया जाएगा। रक्तवीर मनीष वर्मा व आरती सोनी बताया कि रक्तदान शिविर में युवा रक्तदाता भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से ना केवल किसी की जिंदगी बचाने जैसी अनमोल खुशी मिलती है।

बिजली कट से परेशान लोग उतरे सड़कों पर लगाया जाम

एसडीओ के आश्वासन के बाद खोला जाम,ज्यादा लोड की वजह से जल रही हैं केबल्स

भिवानी। जाम के दौरान वाहनों को रोकती महिलाएं और जाम में फंसे वाहन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पिछले दो दिनों से बिजली के अघोषित कटों से परेशान होकर रूद्रा कॉलोनी के लोगों ने तोशाम रोड पर जाम लगा दिया। इस दौरान लोगों ने जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में विद्युत निगम के एसडीओ मौके पर पहुंचे और जल्द बिजली की सप्लाई करने व जली हुई केबल बदलने का आश्वासन दिया। तब प्रदर्शनकारी जाम खोलने को राजी हुए।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया तो वे फिर से उक्त मार्ग पर उतरने को मजबूर होंगे। करीब साढ़े दस बजे रूद्रा कॉलोनी के लोग तोशाम भिवानी मार्ग पर उतर आए। लोगों ने लकड़ी व पत्थर डालकर वाहनों को रोकना आरंभ कर दिया। जाम की सूचना मिलते ही बीटीएम चौक पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारी लोगों की समस्या जानने के बाद निगम के अधिकारियों को मौके पर बुलाया और उनकी समस्या का शीघ्र समाधान करवाए जाने का आश्वासन दिया। एसडीओ के आश्वासन के बाद क्षेत्र के लोगों ने जाम खोल दिया। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि आए दिन ट्रांसफार्मर से घरों तक जाने वाली वायर जल रही है। वायर जलने के बाद कई कई घंटों तक बिजली के दर्शन नहीं हो पाते। पिछले दो दिनों से उक्त इलाके में बिजली की सप्लाई नहीं है। जिसकी वजह से वे अंधेरे में जीवन बिता रहे है। उन्होंने बताया कि इस बारे में निगम के अधिकारी व कर्मचारियों से बात करने का प्रयास करते है तो वे उनका फोन ही नहीं उठाते। ऐसे में किस तरह से वे उनकी इस समस्या का समाधान कर सकते है। बिजली न आने से पानी की सप्लाई नहीं पहुंच पा रही है। लोग दूर दराज के इलाकों में लगे हैंडपम्पों से पानी ला रहे है। क्षेत्र के लोगों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे फिर से सड़कों पर उतरेंगे। विद्युत निगम के एसडीओ रजनीश तिवारी ने बताया कि उक्त इलाके में घरों का बिजली का लोड निर्धारित लोड से ज्यादा है। उपभोक्ताओं ने घरों में एक-दो किलोवाट का लोड निगम में दर्ज करवाया हुआ है।

अब दो सौ केवी का ट्रांसफार्मर रखा जाएगा

एसडीओ रजनीश तिवारी ने बताया कि उपभोक्ता की मांग के अनुरूप अब दो सौ केवी का ट्रांसफार्मर रखा जाएगा। केबल भी हैवी लगाई जा रही है। फिलहाल जल्द ही बिजली की समस्या का समाधान किया जा रहा है। जल्द ही उक्त इलाके में दो सौ केवी का ट्रांसफार्मर रखा जा रहा है। उसके बाद बिजली के कट लगने व केबल जलने की समस्या नहीं रहेगी।

अब बढ़ गया है लोड

निगम ने उसी के आधार पर ट्रांसफार्मर लगाए है। पर उपभोक्ता एक किलोवाट का लोड दिखाकर उसी मीटर से करीब पांच से छह किलोवाट तक लोड डाल रहे हैं। यह किसी एक अकेले उपभोक्ता या घर की बात नहीं है। हर घर में इसी तरह लोड डाला जा रहा है। अब उन्होंने पहले उपभोक्ताओं द्वारा दर्ज कराए गए लोड के हिसाब से ट्रांसफार्मर व केबल लगाई, लेकिन अब लोड पहले की अपेक्षा से दो से ढाई गुणा हो गया है इस लिए केबल बार बार जल रही है।

भिवानी। रोड जाम कर विरोध जताते शहरवासी। फोटो : हरिभूमि

बिजली, पानी व बदहाल सीवरेज सिस्टम को लेकर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

■ गुस्साए लोगों ने अधिकारियों को सुनाई खरी खोटी

शहर में बिजली, पानी किल्लत व बदहाल सीवरेज सिस्टम से गुस्साए लोगों ने मंगलवार को सरदार झाड़ूसिंह चौक पर जाम लगा दिया और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। शहर का मुख्य रोड बंद होने के कारण पूरे शहर में जाम के हालात बन गए। करीब एक घंटे बाद बिजली निगम के एसडीओ के आश्वासन के बाद जाम खोल दिया। मंगलवार को बिजली, पानी व सीवर ब्लॉक की समस्या को लेकर शहर के सैंकड़ों लोगों ने जाम लगा दिया।

इस दौरान रिंपी फौगाट ने बताया कि लंबे समय से शहर में बिजली व पेयजल किल्लत बनी हुई है। दिनभर बिजली कट से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। तार टूटकर गिर जाती है, मगर निगम कर्मचारियों को अवगत करवाने के बाद भी समाधान नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है, लोगों को पीने का पानी भी नसीब नहीं होता। गरीब परिवारों को भी पीने का पानी खरीदकर पीना पड़ता है। मगर सरकार व प्रशासन को आम जनता की समस्याओं से सरोकार नहीं है। हर रोज धरने व प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को जगाने का प्रयास किया जाता है, लेकिन सत्ता में बैठे नेता मूलभूत सुविधाएं देना भूल गए हैं।

संदीप फौगाट ने कहा कि हलदी सी बारिश में जलभराव के हालात बन गए हैं, करोड़ों रुपये खर्च करने का दावा किया जा रहा है, मगर पानी निकासी का पुख्ता इंतजाम आज तक नहीं हुआ। शहर का सीवरेज सिस्टम पूरी तरह से नकारा हो चुका है। सीवर ओवरफ्लो होने के कारण गंदा पानी सड़कों व गलियों में खड़ा रहता है। जाम की सूचना मिलने के बाद बिजली निगम के एसडीओ मौके पर पहुंचे। एसडीओ को महिलाओं ने उन्हें खरी खोटी सुनाई और ड्यूटी में कोताही का आरोप लगाया। इसके बाद एसडीओ ने जल्द बिजली समस्या के समाधान का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

लोहारू। लोहारू में बैठक लेते हुए उप तहसीलदार संजय पारासर। फोटो : हरिभूमि

रास्ता रोककर मारपीट करने के मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

भिवानी। पुलिस की सीआईए स्टाफ टीम ने एक व्यक्ति का रास्ता रोक कर मारपीट करने के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार रामअवतार निवासी देवसर चुंगी भिवानी ने थाना शहर पुलिस भिवानी को शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 21 जून को अपने रिश्तेदारों के साथ हालू बाजार भिवानी में अपने मकान पर गया था जहां पर आरोपी पीयूष और उसके अन्य साथियों ने उनका रास्ता रोककर मारपीट की वह जान से मारने की धमकी दी थी। इस अभियोग में कार्रवाई करते हुए सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के मुख्य सिपाही सुनील कुमार ने दुकानदार का रास्ता रोककर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुख्य आरोपी को हालू बाजार भिवानी से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पियूष उर्फ बच्ची निवासी हालू बाजार भिवानी के रूप में हुई है।

पीपीपी में तीन सदस्यों के बना दिए 68 सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

■ सरकारी सुविधाओं के लिए परिवार हुआ महरूम, चक्कर काटने को मजबूर, नहीं हो रहा समाधान

■ परिवार कभी सीएससी सेंटर, कभी खंड विकास अधिकारी कार्यालय तो कभी अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में चक्कर काटने को मजबूर

बवानी खेड़ा के आधीन आने वाले गांव जमालपुर में परिवार पहचान पत्र में तीन सदस्यों के स्थान पर 68 सदस्य बनाए जाने को लेकर परिवार कभी सीएससी सैंटर, कभी खंड विकास अधिकारी कार्यालय तो कभी अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में चक्कर काटने को मजबूर दिखाई दे रहा है। परिवार ने समस्या के समाधान न होने पर मुख्यमंत्री से गुहार लगाने के संकेत दिए।

उल्लेखनीय है कि परिवार पहचान पत्र को हर सुविधाओं के साथ जोड़ा गया है व इसी में शामिल इंकम के आधार पर ही सुविधाएं दी जाती है। गांव जमालपुर के संदीप पुत्र श्री कृष्ण ने बताया कि उसके परिवार में वह स्वयं, उसकी पत्नी पूजा व माता कमला शामिल थे उसकी माता का वर्ष 2021 में स्वर्गवास हो गया व व माता के स्वर्गवास के बाद उसकी बेटी का जन्म हुआ। उसकी माता के जीवित रहते परिवार पहचान पत्र में तीन सदस्य शामिल थे। लेकिन अब उसका परिवार पहचान पत्र संख्या चैक करने पर पाया कि इसमें तीन सदस्यों के स्थान पर 68 सदस्य दिखाई देते हैं। हालिया उसके द्वारा दोनों परिवार पहचान पत्रों की संख्या को जांचा तो अब दोनों आईडी ऑनलाइन पोर्टल पर नहीं दिखा रहा जिसके चलते वह गांव में लगे कैंपों में भी पता कर चुका है लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। उसके बाद उसने बवानी खेड़ा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में भी संपर्क साधा और उन्होंने एडीसी कार्यालय में संपर्क करने की बात कही।

संदीप की मानें तो सरकार ने परिवार पहचान पत्र को जिस योजना के लाभ के लिए बनाया लेकिन वह गले की फांस बनी हुई है। उसने भिवानी एडीसी कार्यालय में अर्जी लगाई है यदि अब भी उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह परिवार सहित मुख्यमंत्री से इसकी गुहार लगाएगा।

फोटोयुक्त मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त संशोधन के लिए बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

■ एसडीएम अमित कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित हुई बैठक

भारत निर्वाचन आयोग ने एक जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटो युक्त मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त संशोधन के लिए मंगलवार को एसडीएम कार्यालय परिसर में उप तहसीलदार संजय पाराशर की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्र के सुपरवाइजर की बैठक आयोजित की गई है। एसडीएम अमित कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में उप तहसीलदार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष अभियान चलाकर 27 व 28 जुलाई तथा 3 व 4 अगस्त को पोलिंग स्टेशन पर नए वोट बनवाने का कार्य किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि संबंधित बीएलओ पोलिंग स्टेशन पर नए वोट बनाने के लिए फार्म नंबर 6 भरवाने का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्तियों को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से वोट बनवाने का अवसर दिया जा रहा है, जिसके तहत एक जुलाई 2024 को क्वालीफाई तिथि माना गया है। उप तहसीलदार ने कहा कि इस बार नई पहल शुरू करते हुए पीपीपी के डाटा को बूथ स्तर के डाटा से मिलान किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे इस अभियान के तहत बीएलओ का सहयोग करते हुए सही जानकारी उपलब्ध करवाकर सत्यापन का कार्य करवाएं। एसडीएम ने त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति जिसका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है वे अपना वोट बना सकते हैं।

वर्कर्स यूनियन 10 को पुरानी पेंशन बहाली को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरख दादरी

भिवानी। विरोध जताते हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन के सदस्य।

मंगलवार को हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन सम्बन्धित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ जिला कमेटी की बैठक यूनियन कार्यालय में हुई, जिसका संचालन जिला सचिव राजेन्द्र सांगवान ने किया। बैठक में निर्णय लिया कि 10 जुलाई को जिला प्रधान जयप्रकाश पुनिया के नेतृत्व में जिलास्तर पर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को कर्मचारियों की मांगों का ज्ञापन भेजा जाएगा, जिसको राज्य उपमहासचिव विजयपाल, राज्य प्रेस सचिव अली मोहम्मद, प्रेस संगठन सचिव चांदराम ने सम्बोधित किया।

बैठक में जनस्वास्थ्य प्रधान सुरेन्द्र सांगवान, कर्मवीर सांगवान, जयप्रकाश यादव, चन्द्रसिंह सांगवान, शीला देवी, बाढ़ड़ा जनस्वास्थ्य शाखा प्रधान सुमित कुमार, जयभगवान शर्मा, योगेन्द्र सिंह, संदीप कुमार, सुरेन्द्र व नितानन्द फौजी ने सम्बोधित किया। जिला सचिव राजेन्द्र सांगवान ने बताया कि बार-बार मांग करने के पर भी सरकार कर्मचारियों की मांग को अनदेखी कर रही है।

लक्की हत्या मामले में दो आरोपियों को धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

शहर के सिंघान मोहल्ला निवासी लक्की की हत्या के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। ज्ञात रहे कि सिंघान मोहल्ला निवासी लक्की ताश खेलने के लिए रविदास नगर में गया था। वहां पर लक्की का दो युवकों से विवाद हो गया। वक्त युवकों ने लक्की पर रॉड व लाठी डंडों से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। परिजनों ने लक्की को दादरी सामान्य अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां से उसको रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में उपचार के दौरान लक्की ने दम तोड़ दिया। पुलिस

ने लक्की के पिता सुरेश की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज किया था। सिटी थाना निरीक्षक रमेश कुमार की टीम ने दोनों आरोपियों को झज्जर जिले के गांव खोरड़ा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान सुभाष उर्फ सीटू व मनोज उर्फ मोजी के रुप में हुई है। मंगलवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

स्ट्रीट लाइटें खराब होने से कस्बे में बढ़ रही चोरी की घटनाएं

लोगों ने नपा प्रशासन व सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

भले ही कुछ लोग कस्बासियों के लिए ये भ्रांति फैलाते रहे कि वे एकत्रित होकर संघर्ष नहीं कर सकते है, लेकिन सच्चाई ये भी है कि कस्बे में विभिन्न जातियों के अनेक लोग जागरूक है जो शहर की पीने के पानी, सीवरेज व्यवस्था बदहाली, तालाब साफ सफाई की बात को लेकर एक आवाज पर एकत्रित हो जाते हैं और विरोध स्वरूप रोड पर आ जाते हैं। इसी कड़ी में कस्बावासियों ने स्ट्रीट लाइटों की समस्या को लेकर लोगों ने नगर पालिका प्रशासन व सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट राजेश सिंधू, समाजसेवी हनुमान पारासर व महेन्द्र गक्खड़ ने बताया कि पिछले बीस दिन से वे कस्बा की समस्याओं और विकास के विभिन्न मुद्दों को लेकर जनता के बीच गए है। हाल में एक मुद्दा पीने के पानी हैं व सीवरेज समस्या का रहा। कस्बे की गली, रोड, नाले व नालियों पर क्षेत्रवासियों से चर्चा व मंथन किया। एडवोकेट सिंधू ने कहा कि कस्बे में फिलहाल चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिनका मुख्य कारण कस्बे में लम्बे समय से खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटें है। सिंधू ने बताया कि पालिका आय दिन स्ट्रीट लाइटों पर ब्यानबाजी करती है, लेकिन धरातल पर परिणाम शुन्य है। उन्होंने शहर के हांसी भिवानी मार्ग पर बदहाल पड़ी स्टीट लाइटों को दुरुस्त करने की मांग की है, अन्यथा लोग नगर पालिका प्रशासक के खिलाफ आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। प्रदर्शन में समाजसेवी बाली ठेकेदार, भीम,रमेश, राजा,महेन्द्र, महेन्द्र, विशम्बर पारासर, राजेन्द्र पारासर व संदीप वगैरा आदि थे।

भिवानी। पेयजल व सीवरेज समस्या को लेकर नारेबाजी करते हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट राजेश सिंधु व क्षेत्रवासी।

■ हाल में एक मुद्दा पीने के पानी हैं व सीवरेज समस्या का रहा

■ पालिका आय दिन स्ट्रीट लाइटों पर ब्यानबाजी करती है, लेकिन धरातल पर परिणाम शून्य है

मलेशिया में रह रही बेटी से प्रेरित होकर युवा बदल रहे गांव सांगवान की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

मलेशिया में रह रही गांव सांगवान की बेटी चित्रा शर्मा की सोच से प्रभावित होकर सांगवान गांव के 400 युवा गांव की तस्वीर बदल रहे है। जोकी गांव के स्टेडियम, श्मशान घाट से लेकर गोशाला के कार्यों में जुट गए है। इतना ही नहीं बल्कि अब पंचायत सहित अन्य ग्रामीण भी उनका खुलकर सहयोग कर रहे हैं। ऐसा शहीद विजय की शहादत के बाद हुआ।

सभी युवाओं ने गांव में भाईचारे को बढ़ाने के लिए शहीद विजय युवा क्लब के नाम से संस्था बनाई। जिसके नाम पर गांव में हर साल खेलों की शुरूआत की। गांव के युवाओं की एकता देख मलेशिया में रह रही गांव सांगवान की बेटी चित्रा शर्मा ने गांव के श्मशान, स्टेडियम सहित गोशाला में गउओं की देखभाल करने के लिए गांव के युवाओं को प्रेरित किया। 15 युवाओं ने शुरूआत में कार्य शुरू किया। गांव में सोशल मीडिया का ग्रुप बनाकर लोगों को मोटिवेट करने का कार्य किया तो आज 400 से अधिक युवाओं ने गांव की गोशाला, स्टेडियम, श्मशान घाट की दशा को सुधार दिया है। शहीद विजय सिंह युवा क्लब के प्रधान बिजेंद्र उर्फ बिन्द्र ने बताया मलेशिया में रह गांव की बेटी चित्रा शर्मा उन्हें प्रेरित करने के अलावा गांव में हो रहे सामाजिक कार्यों में आर्थिक मदद भी देती है।

अजय देवगन की फिल्में दूरदर्शन पर होंगी प्रसारित

नई दिल्ली। दूरदर्शन देश का पहला चैनल है, जिसने हमें सिनेमा और समाचार से जोड़ा। बचपन में हम सभी दूरदर्शन पर आने वाले कार्यक्रमों का इंतजार करते थे। खासकर, शनिवार और रविवार को प्रसारित होने वाली फिल्में तो दर्शक बहुत चाव से देखते। अब वैसा ही दौर इस चैनल पर फिर आने वाला है। इस बार खास सेवाएं हैं अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए। दूरदर्शन अपने दर्शकों और अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए एक विशेष प्रसारण करने जा रहा है। डीडी नेशनल पर हर शुक्रवार और शनिवार को अजय देवगन की सुपरहिट फिल्मों को दिखाया जाएगा।

लाइफ Style

देवलीना

किरदार का प्रकार रखता है मायने

मुंबई की फिल्म नगरी ऐसी है कि यहां शोहरत पाने के बाद बड़े बड़े सितारे अपनी जमीन को भूल जाते हैं। लेकिन, छोटे परदे की सुपरस्टार देवोलीना भट्टाचार्जी अपनी जमीन, अपनी मिट्टी नहीं भूली हैं। असम में बनी हिंदी फिल्म 'कूकी' में उनके अभिनय की खूब तारीफ हो रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक छोटी सी मुलाकात में उनसे चार बातें हुईं और उसी दौरान चली चर्चा में वह बोलीं, 'मेरे लिए किरदार का प्रकार मायने रखता है। परदे का आकार मेरे लिए मायने नहीं रखता...!' राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफडी) की स्नातक देवोलीना के लिए अभिनय बस एक सपने जैसा ही रहा। गुरुग्राम से पढ़ाई करने वह दिल्ली में फैशन तकनीक सीख रही थीं जब उन्हें एक मशहूर जेवरात कंपनी ने अपने यहां नौकरी ऑफर कर दी। मुंबई आईं तो वह इसी नौकरी के लिए ही थीं, लेकिन भरतनाट्यम की प्रशिक्षित नर्तकी देवोलीना के 'डांस इंडिया डांस 2' के लिए दिए गए ऑडिशन ने उन्हें दिला दिया धारावाहिक 'सवारे सबके सपने प्रीतो'। इसके बाद तो 'बिग बॉस' में उनकी हैट्रिक बनी। 'साथ निभाना साथिया' की गोपी बहू ने उन्हें देश के घर घर तक पहुंचाया और शोहरत का सातवां आसमान उन्होंने लगातार नापा। देवोलीना को हाल ही में बड़े परदे पर फिल्म 'कूकी' में देखा गया। असम में बनी इस हिंदी फिल्म के लिए इसकी निर्माता जुन्मोनी ने जैसी ही देवोलीना की मदद मांगी, असम के शिवसागर में ही जन्मी देवोलीना तुरंत तैयार हो गईं।

हॉलीवुड मसाला

फिल्म देख रोने लगते हैं लोग

लॉस एंजिलिस। थाईलैंड में एक फिल्म आई है। नाम है हाऊ टू मेक मिलियन बिफोर ग्रैंडमां डाएज। इस फिल्म को अब दुनियाभर में देखा जा रहा है और जहां भी ये फिल्म रिलीज हो रही है वहां की जनता इसे देख काफी इमोशनल हो जा रही है। ऐसा सामने आया है कि इस फिल्म को देखने के बाद थिएटर में लोग इतना रो रहे हैं कि उन्हें टीशू पेपर की जरूरत पड़ जा रही है। इस मूवी की बात करें तो इसमें एक बूढ़ी दादी मां के दृष्टिकोण से एक परिवार की कहानी दिखाई गई है।

मिली ने 20 साल की उम्र में गुपचुप रचाई शादी

लॉस एंजिलिस। 20 साल की मिली बॉबी ब्राउन ने अपने 22 साल के बॉयफ्रेंड जेक बोनजियोवी से शादी कर ली है। दोनों ने बेहद गुपचुप तरीके से शादी की। उनकी शादी पिछले हफ्ते हुई पर किसी को भी इसकी भनक नहीं लगी। अब रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि स्ट्रेंजर्स थिंग्स की स्टार ने अपना घर बसा लिया है। उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड को अपना हमसफर बनाया है। जेक मॉडल हैं. वो मशहूर संगीतकार जॉन बोन जोवी के बेटे हैं। मिली और जेक काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे और अब दोनों ने शादी कर ली है। इन दोनों स्टार की शादी में ज्यादा तामझाम नहीं किया गया। दोनों के बेहद करीबी दोस्त और परिवार वाले ही इस शादी में शामिल हुए थे।

डिप्रेशन के दिनों को याद कर छलका दर्द

नई दिल्ली। अभिनेत्री आलिया भट्ट की बहन शाहीन भट्ट की खासियत ये है कि उनका अपना अनुभव उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा सबक बन चुका है। उनको हादसों ने पाला है। और, उनका हर एक चलन निराला है। वह मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में, अपने मानसिक स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म 'हियर कम्स द सन' पर लेखिका ने एक वीडियो का एक अंश साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि बचपन में उन्हें लगता था कि कुछ गड़बड़ है और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वह दूसरे आम बच्चों की तरह नहीं हैं। शाहीन ने कहा, 'डिप्रेशन तब शुरू हुआ जब मैं बहुत छोटी थी। मैं लगभग 12 साल की थी। उस समय, कोई भावनात्मक सपोर्ट नहीं थी। जब मैं बड़ी हो रही थी, तब भी डिप्रेशन के बारे में बात नहीं की जाती थी।'

विजय ने निगेटिव रोल में पाई शोहरत

नई दिल्ली। लोकप्रिय वेब सीरीज 'मिर्जापुर' का तीसरा सीजन जल्द ही प्रीमियर होने वाला है। इस नए सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज को पसंद करने वाले दर्शकों की सूची काफी लंबी है, जो इसके नए सीजन को लेकर काफी उत्साहित भी नजर आ रहे हैं। हाल में ही इसका ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिस पर दर्शकों ने काफी प्रतिक्रिया भी दी थी। इस सीरीज में अभिनेता विजय वर्मा जुड़वा भाइयों की दोहरी भूमिका में नजर आए हैं। इस का दूसरा सीजन एक ऐसे मोड़ पर खत्म हुआ था, जिसने दर्शकों को सोच में डाल दिया था कि छोटे भाई की मौत हुई थी या बड़े भाई की। बॉलीवुड फिल्मों और वेब सीरीज में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले विजय वर्मा हैदराबाद के एक मारवाड़ी परिवार से ताल्लुक रखते हैं।

टीवी मसाला

जुलाई में शुरू होंगे नए धमाकेदार टीवी सीरियल्स

नई दिल्ली। जुलाई के महीने में कई टीवी शोज की शुरुआत होने वाली है। इन टीवी शोज की कहानी इतनी दमदार है कि यह 'अनुपमा' जैसे पॉपुलर टीवी शो को भी टक्कर दें सकते हैं। इस सूची में 'खूबसूरत', 'मेघा बरसेंगे', 'मिश्री', 'दिल को तुमसे प्यार हुआ' और भी कई टीवी शोज का नाम शामिल है। कलर्स टीवी पर 'डोरी' सीरियल का दूसरा सीजन जल्द शुरू होगा। नए सीजन के साथ 'डोरी 2' सीरियल नई स्टारकास्ट के साथ जल्द ही टीवी की दुनिया में दस्तक देने वाला है। खास बात तो यह है कि इस सीरियल के लिए लीड एक्ट्रेस का नाम भी तय हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आशी सिंह 'डोरी 2' का हिस्सा नहीं बन सकती हैं। अभिनेत्री निहारिका चौकसे भी 'डोरी 2' में लीड रोल अदा करती दिखाई देंगी। हो सकता है कि यह शो जुलाई में ही शुरू हो जाए। कलर्स टीवी अपने नए शो 'खूबसूरत' से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। शो 'खूबसूरत' साधारण लड़की के सपनों की कहानी है, जिससे हर एक मुंबईवासी खुद को जुड़ा पाता है। एक चॉल में रहने वाली नव्या शहर की गगनचुंबी इमारतों जितनी ऊंची आकांक्षाओं के साथ खड़ी है।

नए टप्पू की सैलरी जान लगेगा झटका भव्य गांधी से डबल है एक्टर की फीस

नई दिल्ली। तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में नए टप्पू नितीश भलुनी की एंट्री हो चुकी है। नितीश को भी लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। तारक मेहता का उल्टा चश्मा कई सालों से लोगों का एंटरटेनमेंट करता आ रहा है। सबसे पहले भव्य गांधी इस रोल को निभाते थे। तारक मेहता का उल्टा चश्मा की जब शुरुआत हुई थी तब इस किरदार को भव्य गांधी ने निभाया था। भव्य ने 2008 से लेकर 2017 तक ये रोल किया। उसके बाद उन्होंने शो छोड़ दिया क्योंकि वो फिल्मों में अपना हाथ आजमाना चाहते थे। रिपोर्ट्स की माने तो भव्य की फीस एक एपिसोड की 10000 रुपए थी। राज अनादकत ने भव्य को 2017 में रिप्लेस किया था। जब उन्होंने भव्य को रिप्लेस किया तो टप्पू के किरदार की फीस बढ़ गई। राज को एक एपिसोड के लिए 20000 रुपए मिलते थे। भव्य से राज की सैलरी डबल थी। पांच सालों तक ये किरदार निभाने के बाद राज ने भी ये शो छोड़ने का फैसला लिया। नए टप्पू यानी नितीश भलुनी को भी 20000 रुपए पर एपिसोड के लिए मिल रहे हैं।

प्रभास ने 'स्टेपामार' को बताया 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग'

मुंबई। साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल इस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के बाद हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को भी जारी कर दिया था, जिसे दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिली थी। वहीं, हाल ही में फिल्म का गाना 'स्टेपामार' भी रिलीज कर दिया है। कल्कि 2898 एडी अभिनेता प्रभास ने इस गाने की तारीफ की है और इसे 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग' बताया है। उन्होंने गाना शेयर करते हुए लिखा, "मेंटल एनर्जी सॉन्ग! राम और पुरी गारू की ओर से क्या एनर्जी है! इस डांस नंबर को नकाश अजीज, साहिती ने गाया है और इसे मोशिन ने लिखा है, जबकि संगीत मणि शर्मा का है। इस फिल्म का पहला भाग साल 2019 में रिलीज हुआ था। इस साइंस फिक्शन- एक्शन फिल्म को पुरी जगन्नाथ ने लिखा और निर्देशित किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी सफल साबित हुई थी। इस फिल्म से अभिनेता के फैंस काफी उत्साहित थे और फिल्म बड़े पैमाने पर दर्शक बटोर पाने में सफल रही थी। फिल्म का निर्माण चार्मी कौर और पुरी जगन्नाथ ने पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले किया है। फिल्म में बॉलीवुड स्टार संजय दत्त भी खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म में बानी जे, अली, गेटअप श्रीनु, सयाजी शिंदे, मकरंद देशपांडे, टेम्पर वामसी भी अहम भूमिका में दिखेंगे।



थ्रिलर-सस्पेंस देखना चाहते हैं, तो देखिए ये पंजाबी वेब सीरीज, जो कर देंगी आपके रोंगटे खड़े ...

मुंबई। हिंदी वेब सीरीज से बोर हो चुके हैं तो देखिए ये बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज, जो एक्शन, थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर हैं। ये पंजाबी वेब सीरीज दुनिया भर में धूम मचा रही हैं। आपके लिए कुछ बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज लेकर आए हैं, जिसमें रणदीप हुड्डा अभिनीत 'कैट', सुरविंदर विक्की अभिनीत 'कोहरा' जैसी तमाम वेब सीरीज शामिल हैं।

'कैट' एक थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज है, जो पंजाब के ड्रग व्यापार के अंधेरे पहलू को उजागर करती है। पूर्व मुखबिर गुरनाम सिंह का किरदार रणदीप हुड्डा ने निभाया है, जो अपने भाई को बचाने के लिए फिर से इस खेल में शामिल होना पड़ता है। पुलिस अधिकारी सेहताब सिंह का किरदार सुविंदर विक्की ने निभाया है, जो अंडरकवर काम करते है। इस पंजाबी वेब सरीजी को आप नेटफ्लिक्स पर घर बैठे देख सकते हैं।

म्यूजिकल थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज 'चमक' पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के अंधेरे पक्ष को दर्शाती है। कनाडा से रैपर बनने की चाहत रखने वाला काला (परमवीर चीमा) जब पंजाब लौटता है, तो उसे पता चलता है कि उसके मशहूर गायक पिता तारा सिंह (गिप्पी ग्रेवाल) की स्टेज पर हत्या कर दी गई है। तारा अपने पिता की मौत के पीछे की सच्चाई को उजागर करते हुए न्याय की तलाश करता है।

हिंदी-पंजाबी थ्रिलर वेब सीरीज़ 'तब्बर' में दिखाया गया है कि एक परिवार किस हद तक अपना जीवन बीता सकता है। जालंधर में रहने वाले एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी ओमकार सिंह (पवन मल्होत्रा) की दुनिया तब उजड़ जाती है, जब उसका बेटा हैप्पी (गगन अरोड़ा) गलती से ट्रेन स्टेशन पर गलत बैग ले लेता है। यह बैग महीप सोढ़ी (कंवलजीत सिंह) का है, जो एक शक्तिशाली राजनेता का भाई है। टब्बार पारिवारिक वफादारी, धोखे और अपने प्रियजनों की रक्षा के लिए कितनी दूर तक जा सकता हैं, इसकी एक मनोरंजक कहानी है।

क्राइम थ्रिलर पर आधारित पंजाबी वेब सीरीज है 'कोहरा'। यह एक ऐसी वेब सीरीज है, जो एक हत्या के नतीजों पर आधारित है। ब्रिटिश-भारतीय दूल्हा कबीर (सौरव खुराना) ग्रामीण पंजाब में अपनी शादी से कुछ दिन पहले मुर्दा पाया जाता है। दो अलग-अलग पुलिस अधिकारियों, तेज और गंभीर सेहर (सुरविंदर विक्की) और आवेगी एसआई सुख (बरुन सोबती) को जांच में आगे बढ़ना होगा।

अब इस एक्टर ने दे डाली 100 करोड़ी फिल्म, मुंज्या रही हिट

गुजारा करने के लिए बेचना पड़ा घर, ट्रांसजेंडर बनकर सड़कों पर भी रहा

नई दिल्ली। 30 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा भी पार कर लिया है। वहीं, फिल्म को मिली इस जबरदस्त सक्सेस का सारा क्रेडिट इसके मजेदार कॉन्सेप्ट, लोककथाओं और हॉरर के मिश्रण के साथ-साथ बेहद पसंद किए गए लीड एक्टर अभय वर्मा को दिया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं अभय वर्मा को यहां तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा है।

पिता की बीमारी के बाद बेचना पड़ा घर

25 साल के अभय को 'द फैमिली मैन'से पहचान मिली। उन्होंने कई फिल्मों और शो में छोटी भूमिकाएं निभाई हैं। 'मुंज्या'में एक्टर को लीड किरदार निभाने का मौका मिला और उन्होंने कमाल कर दिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में अभय ने अपनी मिडिल क्लास परवरिश और आर्थिक तंगी का सामना करने का खुलासा किया। अभय ने बताया कि उनके पिता एक ज्वैलरी की दुकान चलाते थे, लेकिन जब अभय छठी कक्षा में थे, तब उनके पिता को पीलिया हो गया, जिससे उनके लीवर पर असर पड़ा और फिर उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया। एक्टर ने बताया कि उनकी मां को उनके परिवार के लिए रोटी कमाने वाली बनना पड़ा। बढ़ते खर्चों के कारण, परिवार ने गुजारा करने के लिए अपना घर बेच दिया। तीन साल बाद अभय के पिता का निधन हो गया।

इस एक्टर को बचपन में काफी तकलीफों का सामना करना पड़ा। पिता बीमार हुए तो घर में भूखे मरने की नौबत आ गई। फिर घर तक बिक गया। काफी संघर्ष के बाद अब इस एक्टर ने 100 करोड़ी फिल्म दी है। हाल ही में रिलीज़ हुई हॉरर कॉमेडी 'मुंज्या'ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस कम बजट में बनी और बिना स्टार पावर वाली फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से खूब सराहना मिली। इसी के साथ 'मुंज्या'ने कई हफ्तों तक बॉक्स ऑफिस पर राज किया।

'मुंज्या' ने दिलाया स्टारडम

अभय के करियर की शुरुआत मनोज बाजपेयी-स्टारर द फैमिली मैन के दूसरे सीज़न में कल्याण के सपोर्टिंग रोल निभाने से हुई थी। भले ही वह स्क्रीन पर सिर्फ 3-4 सीन के लिए ही नजर आए लेकिन उनके अभिनय की तारीफ हुई। अब मुंज्या ने उन्हें स्टारडम दिला दिया है। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शरवरी और मोना सिंह भी हैं। इस फिल्म ने दुनिया भर में 123 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है और सिनेमाघरों में अभी भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

रोल के लिए छिपकर सड़कों पर ट्रांसजेंडर बनकर रहे

19 साल की उम्र में एक्टर बनने का सपना लिए अभय मुंबई आ गए। उनके बड़े भाई अभिषेक भी टीवी शो में काम कर चुके थे। थोड़े संघर्ष के बाद अभय को रोल मिलने लगे। साल 2022 में, उन्होंने फिल्म सफेद में एक ट्रांसजेंडर की भूमिका निभाने के लिए साइन किया। इस रोल की तैयारी के लिए, अभय वाराणसी चले गए और एक ट्रांसजेंडर के रूप में कई हफ्तों तक वहां रहे। एक बार रात में लड़कों के एक समूह ने उन पर हमला करना चाहा था। बचने के लिए उन्हें अपनी असली पहचान बतानी पड़ी थी। बता दें कि संदीप सिंह द्वारा निर्देशित, सफ़ेद की पिछले साल ज़ी5 पर स्ट्रीमिंग हुई थी।

खबर संक्षेप

इको क्लब के तहत विद्यालय में किया पौधारोपण

बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में इको क्लब के तहत पौधारोपण किया गया। जिसमें विद्यालय प्राचार्या संतोष भाकर, इको क्लब इंचार्ज नमिता, प्रवक्ता डॉ. नवीन कुमार, प्रवक्ता नवीन शास्त्री ने विशेष भूमिका अदा की। विद्यालय में लगभग 150 प्रकार के विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए, जिनमें 89 पौधे कनेर, 12 पौधे अशोकाए 16 पौधे पॉमटरी आदि शामिल हैं।

मोटे अनाज को भोजन में शामिल करें

भिवानी। नंदगांव के सरकारी स्कूल में इको क्लब के सानिध्य में चलाए जाने वाले साप्ताहिक समर कैंप का आगाज किया, जिसमें प्रतिदिन एक नये विषय पर गतिविधियां आयोजित करवाई जाएंगी। विद्यालय के प्रवक्ता शिवकुमार शास्त्री ने बताया कि कार्यक्रम का आगाज विद्यालय के प्राचार्य जयनारायण के उद्बोधन के साथ हुआ। आज का टॉपिक रहा सतत खाद्य प्रणालियों को अपनाना जिस पर इको क्लब प्रधान व इतिहास प्रवक्ता सतीश कुमार यादव ने विशेष व्याख्यान रखा।

कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार शुरू

चरखी दादरी। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनहित के कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लोकसम्पर्क विभाग ने विशेष प्रचार अभियान शुरू किया है। महीनेभर चलने वाला जागरूकता अभियान सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में चलेगा।

भजन व नाटक मंडलियां 31 तक करेगी प्रचार

भिवानी। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा 1 से 31 जुलाई तक विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान विभागीय तथा सूचीबद्ध भजन पार्टियां व नाटक मंडलियां गांवों में जाकर लोक शैली के माध्यम से नागरिकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों की जानकारी देगी। डीआईपीआरओ संदीप हुड्डा ने जिलावासियों का आह्वान किया है कि भजन व नाटक पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्त्रमों में भाग लेकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समझें।

पौधारोपण कर मनाया प्राचार्या का जन्मदिन

भिवानी। राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में प्राचार्या सविता घणघस का जन्मदिन विद्यालय समस्त स्टाफ सदस्यों व कर्मचारियों ने पौधारोपित कर व केक काट कर बड़े उत्साह के साथ.साथ पर्यावरण का संदेश देते हुए मनाया। सर्वप्रथम प्राचार्या सविता घणघस ने अपना जन्मदिन विद्यार्थियों के बीच पौधारोपण कर मनाया ताकि विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया जा सकें।

बिजली योजना का लाभ उठाएं पात्र नागरिक

चरखी दादरी। केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। योजना के तहत प्रदेश के ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए से कम है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। सोलर पैनल लगाने का खर्च 1 लाख 10 हजार रुपये है। 60 हजार रुपये की राशि केंद्र सरकार द्वारा और 50 हजार रुपये की राशि हरियाणा सरकार द्वारा दी जाएगी।

एसडीएम ने शिविर में सुनी जनसमस्याएं

बाढ़ड़ा। बाढड़ा के एसडीएम सुरेश कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में नागरिकों ने प्रॉपर्टी आईडी, बुढ़ापा पेंशन, राजस्व इत्यादि से संबंधित समस्याएं रखी गई,जिनका तुरन्त समाधान के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि ये शिविर समस्याओं के समाधान में काफी कारगर साबित होंगे।

सांवरमल ढाणी में बरसाती पानी जलभराव बना परेशानी

लोगों ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर किया रोष प्रदर्शन

- नपा अधिकारियों पर समस्या अनसुनी के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा कस्बा स्थित नगरपालिका कार्यालय में रेलवे फाटक पार कालोनी सांवरमल ढाणी वासियो ने पानी की निकासी न होने को लेकर लोगों ने रोष प्रदर्शन किया और नपा अधिकारियों पर समस्या अनसुनी के आरोप लगाए। वहीं सफाई निरीक्षक की मानें तो कल व्यवस्था को सुधारा गया था बाकि इस स्थान पर पाइपलाइन बिछाने पश्चात सुधारीकरण होगा। उल्लेखनीय है कि कालोनी सांवरमल में गंदे पानी व बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था न होने को लेकर लोगों को आए दिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वार्डवासी सुनील कुमार और रामधारीए गजानंदए शकुंतला आदि ने बताया कि कस्बा में हुई बरसात से ढाणी सांवरमल में मकानों के पास जलभराव बन गया जिसकी जलनिकासी की मांग सांवरमल ढाणी वासी बार बार कर चुके है। वार्डवासियों ने बताया कि हालिया भी बवानीखेड़ा के रेलवे फाटक पार स्थित सांवरमल ढाणी में बरसाती पानी का जलभराव बना हुआ है। जिसके जलनिकासी की मांग वह बार बार नपा अधिकारियों से कर चुके है परंतु उनके समस्या का कोई समाधान नही किया जा रहा है। जलभराव की जल निकासी के लिए वह स्वयं स्तर पर बन्दोबस्त कर रहे है। नपा अधिकारी उनकी कही कोई सुनवाई नही कर रहे है। उन्होंने बताया कि बरसाती पानी जलभराव की वजह से उनके मकानों में दरारें आ चुकी है और आसपास में भी गंदगी होने से बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। दो दिन पूर्व भी उन्होंने नपा अधिकारियों से बातचीत कर समस्या अवगत करवाई थी परन्तु आज नपा कार्यालय में वह अधिकारियों से मिलने आये जहाँ पर उनकी कोई सुनवाई नही की जा रही है। लोगों ने इस समस्या के समाधान होने को लेकर नगर पालिका में पहुंचकर रोष प्रदर्शन किया। वहीं इस बारे में नपा सफाई निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि कल ही पानी निकलवाने का कार्य किया गया था। सचिव ने पाइप लाइन बिछाने के बारे बताया है ताकि व्यवस्था दुरूस्त करवाई जा सके।

बवानीखेड़ा। नगर पालिका कार्यालय में रोष प्रदर्शन करते हुए वार्डवासीगण तथा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पानी की टंकी दिखाता कर्मचारी।

राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में पानी की कमी, हाथ धोने को नहीं पानी

- स्टाफ ने पार्षद से संपर्क करके मंगाया टैंकर, बनी व्यवस्था

बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा कस्बा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पीने के पानी की समस्या बनी दिखी और हाथ धोने को एक बूंद पानी के लिए विद्यार्थी व स्टाफ महरूम दिखे वहीं स्टाफ द्वारा कस्बा के वार्ड पार्षद से संपर्क करके विभाग से पानी का टैंकर मंगवाकर पानी की व्यवस्था की। उल्लेखनीय है कि कस्बा में पीने के पानी के हालात बद से बदतर होते चले जा रहे हैं और जब तब सुंदर नहर में पानी नहीं आएगा कस्बावासियों को इसकी कमी रहेगी। वहीं ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने पश्चात विद्यालय में पानी की कमी देखी गई। विद्यालय की पानी की टंकी में पानी न होने को लेकर विद्यार्थी व स्टाफ परेशान दिखाई दिए। पानी की टंकी में पानी न होने के चलते स्टाफ द्वारा कस्बा के पार्षद पंकज से संपर्क साधा और उन्होंने निजी कोष से इसकी व्यवस्था करवाकर विद्यालय की टंकी में पानी डलवाने का कार्य किया।

क्या कहते है अधिकारी

जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ट अभियंता सचिन कौशिक ने बताया कि पीछे से पानी की कमी चल रही है ट्यूबवैलों के सहारे टैंकरों से कस्बावासियों की प्यास बुझाने का कार्य किया जा रहा है। पानी की कमी होने पर टैंकरों को भिजवाया जा रहा है।

समस्याओं को लेकर लोगों ने नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज भिवानी

स्ट्रीट लाइट कस्बा में बदहाली को लेकर लोगों ने घरों से बाहर निकल कर नगरपालिका व शासन तथा प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की तथा अपनी नाराजगी व्यक्त की। हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट राजेश सिंधू, समाजसेवी हनुमान पारासर व महेन्द्र गख्खड़ ने बताया कि पिछले बीस दिन से वे कस्वा के विकाश के विभिन्न मुद्दों को लेकर जनता में गये है। हाल में एक मुद्दा बीच में पीने के पानी का आया।

वही कस्वा के गली रोड़ नाले नाली पर चर्चा की। लेकिन हाल में शहर में बढ रही चोरियों बढी है जिसका कारण शहर में स्ट्रीट का भी मुख्य है। वही शहर मे रात होते ही अंधेरा छा जाता है, कस्बा वासियों को आवा गमन में रात्री को परेशानियों से होकर गुजरना पड़ता है। पालिका आने दिन स्ट्रीट लाईटो जल्द लगाने तथा कस्बा को रोशनी से जग मग करने पर ब्यानी करती हैए लेकिन धरातल पर परिणाम शुन्य है। जिसको लेकर आज कस्बा में लोगों ने प्रदर्शन कर शहर की स्टीट लाईट हांसी भिवानी मार्ग पर बदहाल पड़ी है उसे दुरुस्त करने की मांग की है। अन्यथा लोग नगरपालिका प्रशासक के खिलाफ लंबा सर्घष करने के लिए मजबूर होगे। प्रदर्शन करने वाले में समाजसेवी भीम ,रमेश ,महेन्द्र, महेन्द्र ,विशम्बर पारासर, राजेन्द्र पारासर,संदीप आदि मौजूद थे।

कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए वीडीएस स्कीम कोई कनेक्शन सेवा शुल्क नहीं लगेगा

चरखी दादरी । हरियाणा बिजली वितरण निगम ने कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए वॉलंटरी डिस्क्लोजर स्कीम (वीडीएस) लागू की है। डीएचबीवीएन प्रबंध निदेशक पीसी मीणा ने बताया कि निगम ने कृषि ट्यूबवेल कनेक्शन आपूर्ति श्रेणी के अनधिकृत लोड की घोषणा के लिए स्वैच्छिक प्रकटीकरण योजना 2024 शुरू करने का निर्णय लिया है। यह योजना एक जुलाई से 15 जुलाई तक वैध रहेगी। इसमें एपी ट्यूबवेल उपभोक्ता डीएचबीवीएन पोर्टल पर आवेदन करके अपने ट्यूबवेल कनेक्शन की मोटरों के बढ़े हुए विस्तारित लोड की घोषणा कर सकते हैं। इस योजना में कृषि उपभोक्ताओं से कोई सेवा कनेक्शन शुल्क नहीं वसूला जाएगा और उनका लोड बिना किसी दंड शुल्क के नियमित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदक द्वारा निगम पोर्टल पर आवेदन करने और अपेक्षित एसीडी जमा करने की तिथि से लोड का विस्तार नियमित माना जाएगा। अतिरिक्त कनेक्टेड लोड के लिए मात्र 100 रुपये प्रति किलोवाट की दर से अतिरिक्त एसीडी जमा कराई जाएगी। बिजली निगम मौजूदा उपकरण ट्रांसफार्मर आदि का संवर्धन करेगा व जहां आवश्यक होगा, वहां तुरंत अपने खर्च पर सर्विस केबल उपलब्ध करवाएगा। प्रबंध निदेशक ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता को वीडीएस-2024 के तहत आवेदन करने से पहले सभी बकाया का भुगतान करना होगा।

बच्चों ने किया कला का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

पीएमश्री राजकीय कन्या वमा विद्यालय में चल रहे 30 दिवसीय जिला स्तरीय टाबर उत्सव का रविवार को समापन हुआ। समापन पर प्रतिभागी विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शनी लगा अपनी कला का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राजबाला फौगाट ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया तथा बच्चों की प्रदर्शनी की खूब तारीफ की। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग हरियाणा तथा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में एक से 30 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान जिला स्तरीय टाबर उत्सव का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। 30 दिवसीय टाबर उत्सव कला एवं सांस्कृतिक विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव वी उमा शंकर, शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. जी अनुपमा तथा विभाग के महानिदेशक मनदीप सिंह बरार, माध्यमिक शिक्षा विभाग निदेशक जितेंद्र कुमार तथा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त निदेशक विवेक कालिया एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अतिरिक्त निदेशक अमृता सिंह के मार्गदर्शन में करवाया गया।

चरखी दादरी। प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

पूर्व सीएम 8 को कार्यकर्ताओं का जताएंगे आभार:राव

- जनता ने प्रदेश में कांग्रेस की सरकार लाने का मन मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

8 जुलाई को ओम रिजॉर्ट में होने वाले जिला स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन की सफलता के लिए मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में एक तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिले के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी निर्धारित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे एवं महेंद्रगढ़ के विधायक राव दान सिंह ने की। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्यए पूर्व मंत्रीए पूर्व विधायक, पूर्व चेयरमैन, प्रदेश, जिला, ब्लॉक के पदाधिकारी, कांग्रेस के विभिन्न विभागों के जिला अध्यक्ष, कांग्रेस के अग्रिम संगठन, भिवानी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर राव दान सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है , हरियाणा में पांच लोकसभा सीट जीतने के बाद कांग्रेस ने अब विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग का दौर शुरू कर रखा है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान और अन्य वरिष्ठ नेतागण कार्यकर्ताओं का जताएंगे आभार और खास तौर पर बूथ स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया जाएगा।

भिवानी। लोगों को संबोधित करते राव दान सिंह। फोटो : हरिभूमि

विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहें कार्यकर्ता: दानसिंह

- कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन 8 को दादरी, राव ने लगाई ड्यूटी

चरखी दादरी। मंगलवार को रासिवासिया धर्मशाला में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक को विधायक राव दानसिंह ने संबोधित किया। बैठक में राव दानसिंह ने कहा कि 8 जुलाई को दादरी की नई अनाज मंडी में कांग्रेस पार्टी का सम्मेलन होगा। सम्मेलन को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा,, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार एवं अनेक जनहित घोषित नीतियों का प्रचार कर कांग्रेस की सरकार बनाने की रणनीति के लिए दिशा-निर्देश देंगे।

छिड़ा समाज के साथ हुआ अन्याय: पटेल

- राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा का तीसरा राज्य अधिवेशन हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पिछड़ा वर्ग के लोगों को उनके अधिकारों के बारे जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा मंगलवार को कोंट रोड स्थित अंबेडकर भवन में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा का तीसरा राज्य अधिवेशन संपन्न हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्यअतिथि न्यूरो सर्जन डॉ. अशोक, विशिष्ट अतिथी राजेश जांगडा, जोगेन्द्र ताल, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश प्रजापति ने शिरकत की तथा अध्यक्षता राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. विकास पटेल ने की। अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य ओबीसी की जाति आधारित गिनती, ओबीसी से क्रीमिलेयर समाप्त करने, अति पिछड़े वर्ग की जातियों संख्या के अनुपात में राजनीतिक हिस्सेदारी की मांग सरकार तक पहुंचाना रहा। अधिवेशन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. विकास पटेल ने कहा कि आजादी के इतने वर्षों तक देश में सबसे अधिक अन्याय पिछड़ा समाज के साथ हुआ।

भिवानी। आयोजित सम्मेलन में एकत्रित लोगों को संबोधित करते एक वक्ता।

अखिल भारतीय मांग दिवस को जिले में ब्लॉक स्तर पर मनाएंगे : सैनी

तोशाम। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन जिला कमेटी भिवानी की बैठक मंगलवार को पंचायत घर तोशाम में रामचंद्र रिवासा ढाणी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान जिला प्रधान रोहतास सिंह ने कहा की किसानों की एमएसपी व 250 प्रतिशत फार्मूले के अनुसार लागत से डेढ़ गुना दाम पर सरकारी खरीद करने का कानून बनाने, बिजली बिल 2023 रद्द करवाने के लिए व अन्य बकाया मांगों को पूरा करवाने के लिए 23 सितंबर 2024 तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली किसान महापड़ाव में भिवानी जिले के सैकड़ों किसान शामिल होंगे। आगामी 15 जुलाई को अखिल भारतीय मांग दिवस को भिवानी जिले के हर ब्लाक स्तर पर मनायेंगे। जिला सचिव मास्टर बस्तीराम ने कहा कि कृषि बाजार तथा कृषि भूमि को प्राइवेट कंपनियों के हवाले करने वाले तीन काले कानून को रद्द करने की ऐतिहासिक जीत होने पर भी हम न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी कानून नहीं बनवा पाए हैं।

समाधान शिविर में जनशिकायतों का प्रमुखता से हो रहा निपटारा

- शिकायतकर्ताओं का शासन-प्रशासन के प्रति बढ़ रहा विश्वास

चरखी दादरी। नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर समस्याओं के समाधान में कारगर सिद्ध हो रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए समाधान शिविर के प्रति शिकायतकर्ताओं का विश्वास शासन-प्रशासन के प्रति बढ़ रहा है।

समाधान शिविर में विभिन्न विभागीय सेवाओं से जुड़ी शिकायतों का एक ओर जहां मौके पर ही निवारण किया जा रहा है। वहीं परिवार पहचान पत्र से जुड़ी त्रुटियों को 24 घंटे में दुरुस्त कर आमजन को राहत प्रदान की जा रही है। समाधान शिविर में विशेष तौर पर फैमिली आईडी में आय ठीक करवाने, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विदुर पेंशन, दिव्यांग पेंशन, स्वामित्व रजिस्ट्री, बिजली, पानी, पीपीपी में त्रुटियों को दुरुस्त करने सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं गंभीरता से सुनी जा रही हैं।

पहली बारिश में प्रशासन हुआ अलर्ट, जल निकासी की कमियों को रात में किया दूर

- उपायुक्त के निर्देश पर जनस्वास्थ्य विभाग ने दिखाई तत्परता

चरखी दादरी । पहली बारिश के कारण शहर में कुछ स्थानों पर हुए जलभराव की कमियों को दूर कर दिया गया है। उपायुक्त मनदीप कौर ने स्वयं क्षेत्र का दौरा कर समस्या के समाधान के तरीके सुझाए और जन स्वास्थ्य विभाग ने उसी अनुसार रातों रात काम पूरा कर दिया।

उपायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि आने वाली बरसात के दौरान भी इसी प्रकार से बिना देरी किए काम करना है। विदित है कि रविवार को हुई पहली बारिश के बाद शहर में कुछ स्थानों पर जलभराव हुआ था। जिसको उपायुक्त ने गंभीरता से लिया और आपात बैठक बुलाकर जनस्वास्थ्य विभागों को तुरंत समाधान के निर्देश दिए। परशुराम चौक व रेस्ट हाउस के सामने वाली लाइन में जलभराव का मामला सामने आया था। उपायुक्त ने स्वयं इन स्थानों की रिपोर्ट भी मंगवाई थी। स्थिति का जायजा लेने पर पता चला कि परशुराम चौक पर मेन हॉल का लेवल ऊंचा है और रास्ता नीचा है, जिसकारण पानी लाइन में नहीं जा पाता है और वहां जमा होता है। इसको लेकर उपायुक्त के निर्देशों पर इस स्थान पर मेनहॉल में पानी जाने का रास्त बना दिया गया है। ऐसे ही रेस्ट हाउस के सामने वाली लाइन में सड़क और नाले का लेवल सही नहीं होने से परेशानी हो रही है।

सतारूढ़ सरकार ने हर वर्ग को ठगा : रामकिशन फौजी

सरकार ने 600 अस्पतालों के दो सौ करोड़ नहीं किए जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने कहा कि लोगों को बहलाने के लिए सतारूढ सरकार ने आयुष्मान व चिरायु योजना के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य संबंधी सेवाए देने का दावा कर रही है,लेकिन प्रदेश में ये दोनों योजनाएं बंद है। क्योंकि सरकार ने करीब 600 अस्पतालों का दो सौ करोड़ रुपये का बकाया जारी नहीं किया है जिसकी वजह से उक्त अस्पतालों ने इन योजनाओं के तहत सेवाएं देना बंद कर दिया।

ऐसे में सरकार की उक्त योजनाएं आमजन के लिए बेमानी साबित हो रही है। वे आज गांव कलिंगा के अमरूपाना की ब्रह्मण चौपाल में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। दो माह बाद प्रदेश में विधानसभा चुनाव है,जनता बवानीखेड़ा विधानसभा से ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश से बाहर का रास्ता दिखाएगी। हालांकि भाजपा जनता व नेताओं को सीबीआई व ईडी के छापों का डर दिखा रही है,लेकिन अब जनता डरने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि पंडित नेकीराम स्वतंत्रता सेनानी का गांव कलिंगा है। उन्होंने आजादी के समय योगदान दिया था।

भाजपा सरकार पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पंडित ज्वाहर लाल नेहरू, स्व. इंदिरागाधी, राजीव गांधी को कोसने का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि बीते दस साल से केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार रही। दस साल में देश व प्रदेश की जनता को सतारूढ सरकार ने ठगने का कार्य किया है। जनता को भाजपा की असलियत समझ आ गई। जिसकी वजह से भाजपा के प्रति जनता का मोहभंग हो चुका है।

भिवानी। गांव कलिंगा में एकत्रित लोगों को संबोधित करते पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी। फोटो : हरिभूमि

युवा वर्ग दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर

जिलाध्यक्ष एडवोकेट विकास कुमार ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों की वजह से युवा वर्ग दर दर की ठोकरे खाने पर मजबूर है। नीट परीक्षा पर राहुल गांधी को बोलने से रोकना संसदीय प्रणाली का अपमान है। केंद्र सरकार को डर है कि उनके नुमाइंदे इस प्रकरण में है। इसलिए वे डर रही है। एडवोकेट विकास ने कहा कि चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा , सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में प्रदेश में सरकार बनेगी। उसके बाद प्रदेश के लाखों युवाओं को रोजगार, गरीब व मजदूरों को उनको हकए किसान, गृहणी, व्यापारियों को उनके हक कांग्रेस सरकार ही दिलाएगी।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल का पुतला फूंका

- हिंदुओं को हिसंक कहना निंदनीय, हिंदुओं से माफी मागें राहुल गांधी : कलकल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

कांग्रेस पार्टी अंग्रेजी विचारधारा व उन्हीं की नीतियों पर चलने वाली पार्टी है। जिसको ना भारतीय संस्कृति का बोध है तथा ना ही सनातन परंपराओं व हिंदुओं के भावनाओं की परवाह। कांग्रेस हिंदु विरोधी मानसिकता वाली पार्टी है। ये बात भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. किरण कलकल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लोस में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान हिंदुओं को हिंसक कहने पर रोष जताते हुए कही। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका। भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने राहुल गांधी के अमर्यादित ब्यान पर रोष जताया। डॉ. किरण ने कहा कि यदि राहुल गांधी को हिंदुओं से इतनी ही नफरत है तो उन्हे हिंदु राष्ट्र भारत को छोड़कर ओछी राजनीति कहीं और करनी चाहिए।

खबर संक्षेप

चरखी दादरी। अतिथियों के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

आर्यन स्वीमिंग अकेडमी रही जिले में ओवरऑल चैम्पियन

चरखी दादरी। घिकाड़ा रोड स्थित आर्यन मॉडल स्कूल में 30 जून को सम्पन्न हुई सातवीं जिला स्तरीय स्वीमिंग प्रतियोगिता में आर्यन स्वीमिंग अकेडमी के तैराक छाए रहे। अकेडमी के कोच चन्द्र प्रकाश ने बताया कि सीनियर ग्रुप में विशेष ग्रुप-1 में अमन, अंशिका, ग्रुप-2 में कुनाल, सनोवर, ग्रुप-3 में पर्नव, आरवी, ग्रुप-4 में तेजस, जागृति और ग्रुप-5 में अमीर, इनाया को बेस्ट स्वीमर का अवार्ड मिला।

बच्चों ने धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया

बाढ़ड़ा। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की तरफ से 1 जुलाई से 7 जुलाई तक सभी स्कूलों में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनासरी के छात्र.छात्राओं ने विभिन्न धार्मिक स्थलों का दौरा किया। इसके तहत गांव कादमा की प्रसिद्ध गौशाला व मंदिर तथा गांव बडराई के पहाड़ी क्षेत्र के श्याम मंदिर व पहाड़ी क्षेत्र का भ्रमण किया।

विधायक सर्राफ के कार्यालय सचिव होंगे राजेंद्र आर्य

भिवानी। विधायक घनश्याम सर्राफ ने पिछले 40 साल से भाजपा के साथ जुड़े राजेंद्र आर्य को अपने कार्यालय के कार्यालय सचिव का पदभार सौंपा है। यह उनको पार्टी के निष्ठाएईमानदारी से कार्य करने के चलते जिम्मेदारी सौंपी है। राजेंद्र आर्य (अरोड़ा) पंजाबी समाज से है और श्री आर्य के पिता स्व. वासुदेव आर्य भी जनसंघ के साथ जुड़े थे। वहीं राजेंद्र आर्य ने बताया कि उनको जो जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बेटियों और मां के नाम पौधरोपण करने वालों को मिलेगा सम्मान: भारद्वाज

राष्ट्रपति अवार्डी भारद्वाज ने बेटी नव्या के जन्मदिन पर पौधरोपण अभियान चलाया

- बेटियों के नाम इस बार 2024 पौधों का होगा रोपण : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति द्वारा विवेकानंद हाई स्कूल में बेटी जन्म उत्सव मनाया। इस अवसर पर राष्ट्रपति अवार्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने अपनी 12 वर्षीय बेटी नव्या के जन्म उत्सव पर पौधरोपण कर मानसून का स्वागत किया और भगवान इंद्रदेव व देवी देवताओं की स्तुति की। बेटी नव्या व आरोही ने अपनी मां अंजु के नाम पौधरोपण किया। राष्ट्रपति अवार्डी भारद्वाज ने कहा कि वें हर वर्ष अपनी दोनों बेटियों का जन्मोत्सव पर्यावरण की सुरक्षा के संदेश को लेकर मनाते हैं। उन्होंने कहा कि 2013 में बेटी के जन्मोत्सव पर एक बेटी एक पेड़ मिशन शुरू किया था, जो आज सरकार के अनेक जनहित अभियानों के साथ जारी है। इस बार उन्होंने बेटियों और पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक बेटी एक पेड़ मिशन 2024 शुरू किया है, जो वन महोत्सव और प्रधानमंत्री के अभियान प्लांट्स4मदर के साथ जारी रहेगा। भारद्वाज ने कहा कि पर्यावरण का विषय आज चिंता एवं चिंतन का है, यदि समय रहते हुए हमने नहीं चेता तो आने वाला समय एक विस्फोटक समय होगा, न तो अच्छा स्वास्थ्य रहेगा और न अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ वायु होगी, न अच्छा मौसम रहेगा, इसलिए धरा पर अधिक से अधिक पेड़ पौधों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सर्वे अनुसार पूरे विश्व में हर साल करीब 55 लाख लोग दूषित हवा की वजह से मर जाते हैं, जो कुल मौतों का लगभग 10 प्रतिशत है। अकेले भारत में हर साल 12 लाख लोग जहरीली हवा के कारण मर जाते है। हमें छांयादार और फलदार पौधों के साथ अश्वगंधा, स्वयंपुष्पी, गिलोय, तुलसी, अदरक आदि औषधीय पौधें लगाने चाहिए, ताकि स्वास्थय का ख्याल पर्यावरण के माध्यम से रखा जा सकें।

भिवानी। पौधरोपण करते अशोक भारद्वाज, बेटी नव्या व अन्य तथा लघु सचिवालय प्रांगण में त्रिवेणी रोपित करते पर्यावरण प्रेमी। फोटो : हरिभूमि

इंसान ने अपनी ख्वाहिशें पूरा करने को कुदरत को पहुंचाया नुकसानः बाबा

भिवानी। इंसान ने अपनी ख्वाहिशों और जरूरतों को पूरा करने के लिए कुदरत को काफी नुकसान पहुंचाया हैं। माहौल इतना खराब हो चुका है कि अब तो इस बात का अंदेशा जताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में यह धरती इंसान के रहने लायक ही न रहे। ये बात त्रिवेणी बाबा ने लघु सचिवालय प्रांगण में त्रिवेणी रोपित करने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि निराशा के माहौल में कुछ लोग ऐसे भी है, जो उम्मीद को बचाए हुए है तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय कार्य कर प्रकृति के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे है। उन्होंने कहा कि आज जितनी तेजी से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है, उससे भी अधिक तेजी व मात्रा में पौधरोपण करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के संयोजक पर्यावरण प्रहरी हवलदार लोकराम नेहरा ने कहा कि मानसून के इस मौसम में प्रत्येक जन को संकल्प लेना चाहिए कि वे अधिक से अधिक पौधरोपण कर उसकी देखभाल करेंगे, तभी हम पर्यावरण को संतुलित बना सकते है।

भिवानी। साफ सफाई करते पीटीआई विनोद पिंकू व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

विद्यार्थियों को किचन गार्डन के बारे में विस्तृत जानकारी दी

- किचन गार्डन से उगने वाली सब्जियों का इस्तेमाल एमडीएम में करेंगे : पीटीआई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों में भी पारंगत बनाने के उद्देश्य से सरकार व शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार इन दिनों सरकारी स्कूलों में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत विद्यार्थियों को समाजहित से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी जा रही है, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास किया जा सकें। इसी कड़ी में सरकार व विभाग के निर्देशानुसार गांव घुसकानी स्थित शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय में समर कैंप दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। इस दौरान फालसा इको क्लब द्वारा विद्यालय में किचन गार्डन बनाया। इस दौरान शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने विद्यार्थियों को किचन गार्डन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पिंकू ने बताया कि किचन गार्डन प्रकृति के साथ संबंध को बढ़ावा देता है।

विद्यार्थियों को समर कैप का होगा लाभ

मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार ने कहा कि समर कैंप के माध्यम से करवाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों का लाभ विद्यार्थियों को भविष्य में देखने को मिलेगा। विद्यार्थियों को शुद्ध एवं पौष्टिक भोजन मिल सकेंगा, जो उनके शारीरिक व मानसिक विकास में काफी लाभदायक साबित होगा, ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होते है, जो सरकार व शिक्षा विभाग का सराहनीय कदम है। इस अवसर पर मुकेश सांगवान, लक्ष्मी देवी, अनिल शर्मा, गुड्डी देवी, अनिल हिंदी अध्यापक, परवेश कुमारी, विजेंद्र सिंह, नवीन ढांडा, सुरेन्द्र सिंह, ममता रानी, जोगेंद्र सिंह, बिमला देवी आदि उपस्थित रहे।

कार्यकारी अभियंता हठधर्मी पर अड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

मांगों व समस्याओं के लिए हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन सम्बन्धित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ द्वारा अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को सातवें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता शहरी ब्रांच के कोषाध्यक्ष सुखबीर गुर्जर ने की। धरने का संचालन शहरी ब्रांच के सचिव बिजेंद्र परमार ने किया।

धरने में विशेष रूप से राज्य संगठन सचिव हरकेश शर्मा, राज्य कार्यालय सचिव राजकुमार सैन, प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्रीभगवान अहलावत व जिला उपप्रधान सुरेश कौशिक ने शिरकत की। राज्य संगठन सचिव हरकेश शर्मा व प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्रीभगवान अहलावत ने धरने पर उपस्थित कर्मचारियों को अगवत करवाया कि कार्यालय अभियंता अपने कार्यालय से नदारद रहता है तथा कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं की तरफ उनका कोई ध्यान नहीं है जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। जिला उपप्रधान सुरेश कौशिक ने कहा कि अधिकारी अपनी तानाशाही प्रवृति पर अड़े हुए हैं। कर्मचारियों की जायज मांगों का कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है।

भिवानी। धरने के दौरान नारेबाजी कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर चांदीराम कादयान, बजरंगलाल, राधेश्याम, विनोद पराशर, रविन्द्र शर्मा, धूपसिंह, संदीप, आशुतोष, बिजेन्द्र, रामधारी, राजकुमार, रामौतार, धर्मबीर, दिलबाग, प्रमजीत, हरिओम, कुलदीप बोहरा, राहुल, देवेन्द्र, शीशपाल व भीक्षाराम आदि उपस्थित थे।

केएम स्कूल में सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

केएम पब्लिक स्कूल में अंतर्वर्गीय सुलेख व शिल्प कला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ये प्रतियोगिताएं कक्षा प्रथम से पंचम के विद्यार्थियों के लिए थीं। प्रतियोगिता आयोजित करने का उद्देश्य विद्यार्थियों में सुंदर व प्रभावशाली लेखन कौशल विकसित करना तथा सर्जनात्मकता को बढ़ाना है।

कक्षा प्रथम ए से सुलेख प्रतियोगिता में यश प्रथम, दिव्यम द्वितीय, तेजस तृतीय, कक्षा प्रथम बी् से गर्वित प्रथम, योजित द्वितीय, केशव तृतीय तथा कक्षा प्रथम सी से नित्या प्रथम, अनंदिनी द्वितीय, तिरिषा तृतीय,कक्षा दूसरी ए से हिमानी प्रथम, आराध्या द्वितीय, आदित्य तृतीय, कक्षा दूसरी बी से धैर्य प्रथम,आदेश द्वितीय, हरिवंश तृतीय, कक्षा दूसरी सी से लक्षिता प्रथम, प्रियांशी द्वितीय, काव्या तृतीय, कक्षा तीसरी ए् से दिव्या प्रथम और तीसरी बी से स्नेहा प्रथम रही। शिल्प कला प्रतियोगिता में कक्षा चतुर्थ, से वैभव प्रथम, ग्रेसी द्वितीय, गैलीना तृतीय, कक्षा चतुर्थ बी से नायरा जांगड़ा प्रथम, युक्ति द्वितीय, कायरा तृतीय, कक्षा चतुर्थ सी से हार्दिक चौहान प्रथम, हिमानी द्वितीय, खुशी व यशिका तृतीय, कक्षा पंचम, से मयंक प्रथम, नैतिक द्वितीय, अर्नव तृतीय, कक्षा पंचम बी से अक्षत प्रथम,आरुष द्वितीय,नियति तृतीय तथा पंचम सी से हार्दिक नेहरा प्रथम, जैनिश द्वितीय,मान्यता व कुणाल गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्राचार्या रेनू सैनी, प्रबंधन समिति सदस्य अमिता शर्मा व सुनील शर्मा, प्राथमिक विंग प्रभारी अंजु पोपली, गतिविधि प्रभारी रेखा श्योराण ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

भिवानी। प्रतिभागियों के साथ स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

शिविर में शिकायतों का किया जाता है समाधान : एडीसी

भिवानी। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

भिवानी। एडीसी हर्षित कुमार की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडी, हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस समाधान शिविर में एडीसी ने लोगों की प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, पुलिस विभाग से संबंधित, राशन कार्ड तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशनों आदि से संबंधित मामलों की समस्याएं सुनी। एडीसी ने संबंधित अधिकारियों को इन मामलों को प्राथमिकता के साथ निपटाने बारे जरूरी निर्देश दिए। एडीसी हर्षित कुमार ने कहा कि समाधान शिविर में समाधान प्रकोष्ठ के समक्ष आने वाली प्रत्येक शिकायता का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाता है। उन्होंने बताया कि सरकार ने जनता की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में शिविरों का आयोजन करने का महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इन शिविरों का आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का उद्धेश्य रखा गया है। प्रत्येक कार्य दिवस को जिला स्तर पर लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में व उपमंडल में मंडलाधीश कार्यालय में सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

चैंपियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण सहित जीते 10 पदक

तोशाम। चेन्नई मे हुए डांस स्पोर्ट की नेशनल चैंपियनशिप मे हरियाणा के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 4 रजत, 4 कांस्य सहित कुल 10 पदक के साथ हरियाणा ने नेशनल लेवल पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। अमेचोर डांस स्पोर्ट एसो. हरियाणा के खिलाड़ियों ने नेशनल चैंपियनशिप में धमाल मचाया। हरियाणा के अध्यक्ष एसके वशिष्ठ ने बताया कि प्रदेश के 30 खिलाड़ियों ने चैंपियनशिप मे भाग लिया। जिसमे फ्री स्टाइल, बॉलीवुड, ब्रेकिंग, लेटिन, स्टैंडर्ड ओर सालसा आदि ईवेंट्स में प्रदेश के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

एक दिन में कनेक्शन का आश्वासन

- दोनों जलघर के सभी टैंक खाली, एनएचएआई ने सप्ताह पहले कहने के बावजूद भी नहीं जोड़ा कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा कस्बा में चल रही पीने के पानी की समस्या और एचएचएआई द्वारा सुंदर नहर से जलघर के कनेक्शन को दिए गए समय पर न करने को लेकर कस्बावासियों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और वार्ड पार्षद रामगोपाल सैनी, जगदंबा महता, समाजसेवी हनुमान पारासर, महाबीर बेरलाए विकास महता, संतु प्रधान आदि ने जलघर से सुंदर नहर का निरीक्षण किया। हालांकि पब्लिक हेल्थ जेई सचिन कौशिक भी साथ थे।

वहीं एनएचएआई प्लांट इंचार्ज ने एक दिन में कनेक्शन करने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि पिछले एक माह से कस्बा में पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। वहीं सुंदर नहर से नए जलघर की पाइपलाइन व सुमड़ा खेड़ा रजवाहे से पुराने जलघर की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त है। कस्बासासियों ने बताया कि 26 जून को सुंदर नहर का निरीक्षण किय।

बवानीखेड़ा। सुंदर नहर पर वार्ड पार्षद सहित समाजसेवी अधिकारियों से वार्तालाप करते हुए। फोटो : हरिभूमि

चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस पर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए सम्मान समारोह

- साथ ही पर्यावरण संरक्षण हेतु हुआ पौधारोपण

भिवानी। चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस के उपलक्ष में लायन्स क्लब भिवानी सुरभिए नटराज कला मंच, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार काउंसिल, परफेक्ट हेल्थ क्लब, पीएससी डांस अकेडमी ने संयुक्त रूप से वंदना अस्पताल में सम्मान दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसके पश्चात परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। श्रेष्ठ कवि श्रेष्ठ कविता पटल की एडमिन एवं द स्टेलियन स्पोर्ट्स क्लब की निदेशक मोनिका हुडा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रही। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में सीए की पढ़ी लिखी सोच बेहतर देश बनाने में सहायक होती है। पर्यावरण संरक्षण हर मानव का ध्येय होना चाहिए।। कार्यक्त्रम संयोजक डॉ वंदना पूनिया ने कहा कि कोविड महामारी के चुनौतीपूर्ण समय में ऑक्सीजन की महता और वृक्षों की भूमिका का अहसास हुआ था। शुद्ध वातावरण और ऑक्सीजन न मिले तो जीवन असंभव है।

गिगनाऊ स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

- बीईओ ने कहा : प्रत्येक विद्यार्थी पौधा लगाकर ले संरक्षण की जिम्मेदारी

लोहारू। निकटवर्ती गिगनाऊ गांव के स्वतंत्रता सेनानी चौ. जगराम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किचन गार्डन प्रबंधन के अंतर्गत इको क्लब के तत्वावधान में पौधारोपण किया गया। प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बीईओ विजय प्रभा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि पूर्व डीईओ शक्ति पाल आर्य तथा पर्यावरण प्रहर प्रधान संजय बुसान विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। बीईओ विजयप्रभा ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल का उत्तरदायित्व लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा लोहारू खंड को 6000 पौधा रोपण का लक्ष्य दिया गया है तथा जिसे अवश्य हासिल किया जाएगा।

मां के नाम से पौधरोपण अभियान से होगी धरती मां की रक्षा

- प्रधानमंत्री मोदी की सोच मां के नाम पेड़ लगाकर करें पर्यावरण का संरक्षण

चरखी दादरी। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के दौरान इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर आरंभ किए गए विशेष अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत गांव कारीदास की राजकीय प्राथमिक पाठशाला परिसर में अभियान का संचालन किया। इस दौरान मुख्यतिथि खंड शिक्षा अधिकारी जलकरण ने शिरकत की। उन्होंने सभी शिक्षकों से आहवान किया कि पर्यावरण व पृथ्वी संरक्षण में हम सभी को आगे आकर योगदान देना होगा। स्कूल इंचार्ज अनिल व मास्टर सुंदरपाल फौगाट ने कहा कि अभियान के पीछे प्रधानमंत्री मोदी की सोच मां के नाम पर पेड़ लगाकर न केवल अपनी मां का सम्मान, बल्कि धरती मां की रक्षा भी करेगा। उन्होंने कहा कि हर मां, अपने बच्चे पर हर स्नेह लुटाती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

कुलसचिव ने पंचायत प्रतिनिधियों संग बैठक कर मांगे सुझाव और सहयोग

सीबीएलयू ने दाखिलों को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के ओल्ड कैंपस में स्वर्ण जयंती यूनिवर्सिटी कॉलेज प्रारंभ होने जा रहा है जिसमें विभिन्न 08 रोजगारपरक, जॉब ओरिएंटेड कोर्सेज में दाखिले की प्रक्रिया चल रही है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्मानी के दिशा निर्देशन में आज जिले के अनेक गांवों के सरपंचों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के संग विश्वविद्यालय की कुलचिव डॉ ऋतु सिंह एवं सभी डीन ने बैठक कर उनसे संवाद किया। बैठक में विवि की कुल सचिव डॉ ऋतु सिंह ने विभिन्न गांव के पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने ओल्ड कैंपस में स्वर्ण जयंती यूनिवर्सिटी कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है जिसमें विभिन्न आठ रोजगार परक नए कोर्सेज प्रारंभ किया जा रहे हैं जिनमें लिए दाखिले की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने विवि द्वारा संचालित सभी कोर्सेज में दाखिला प्रक्रिया एकोर्स की उपयोगिता, रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी।

भिवानी। पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीन प्रो संजीव कुमार,प्रो ललिता गुप्ता,डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो डीके मदान,डीन प्रो सुनीता भरतवाल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुरेश मलिक,डीन ऑफ कॉलेजेस प्रो मयंक किंगर,प्रो नितिन बंसल,प्रो वीके जैन सहित विभिन्न गांव के सरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सीबीएलयू की कुलपति ने किया कॉलेज प्राचार्यों से विचार- विमर्श

- दाखिलों,नकल रहित परीक्षा संचालन,परीक्षा केंद्र बनाने एवं उनकी बेहतर व्यवस्था को लेकर प्राचार्योंर् से की बैठक

भिवानी। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को रोजगार पर गुणवत्तापूर्ण संस्कारी शिक्षा प्रदान करने को कृत संकल्पित है यह विचार विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्मानी ने विश्वविद्यालय से संबंधित सभी बीएड कॉलेज के निर्देशकों एवं प्राचार्यो की बैठक को संबोधित करते हुए कहे।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय पूर्ण पारदर्शी एवं नकल रहित परीक्षाओं का सफल संचालन कर रहा है। इन नकल रहित परीक्षाओं के सफल संचालन में सभी कॉलेजों के प्राचायोंर्,परीक्षा कर्मियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का पूर्ण सहयोग मिला है।

उन्होंने आज विश्वविद्यालय से संबंधित सभी कॉलेजों में उपलब्ध सुविधाओं, दाखिला प्रक्त्रिया,परीक्षा केंद्रों स्थापित करने और परीक्षाओं के सफल संचालन के साथ शिक्षा में गुणवत्ता बनाए रखने को लेकर बीएड कॉलेज प्राचार्यों एवं निदेशकों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कॉलेजों की समस्याओं को सुना।

भिवानी। दाखिले को लेकर आयोजित बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए। फोटो : हरिभूमि